**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–13.07.2025 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **दुमका के बाबा बासुकिनाथ धाम श्रावणी मेले में मिलावटी खाद्य सामग्री पर प्रशासन सख्त, श्रद्धालुओं को शुद्ध सामग्री उपलब्ध कराने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई के दिए गए निर्देश।**
2. **मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बोकारो और लोहरदगा पुलिस को मिली बड़ी सफलता, चार तस्कर गिरफ्तार, गाड़ी, मोबाइल, नकद समेत भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद।**
3. **झारखंड बंगाली संगठन ने राज्यसभा सांसद महुआ माजी को चुना मुख्य संरक्षक, राज्य में बांग्ला भाषा और समाज को सम्मान दिलाने का किया संकल्प।**
4. **रांची में विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की प्रांतीय बैठक आयोजित, महिला सशक्तिकरण और बेटियों को सक्षम बनाने पर दिया गया जोर।**
5. 
6. **गिरिडीह पुलिस ने सात थाना क्षेत्रों के 600 पुलिस मित्रों को किया सम्मानित, पर्व–त्योहारों में सहयोग करने वाले समाजसेवियों को दिया गया प्रशस्ति पत्र।**

*******************

दुमका के बाबा बासुकिनाथ धाम श्रावणी मेले में कांवरियों की भीड़ बढ़ने के साथ प्रशासन ने मिलावटी खाद्य सामग्रियों के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने मेला क्षेत्र में कई पेड़ा, अचार और भोजनालय दुकानों की जांच की और लगभग दो क्विंटल केमिकल युक्त अचार और 50 लीटर नकली खाद्य तेल जब्त कर नष्ट किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी अमित कुमार राम ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है।

*******************

सावन के पहले रविवार को आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु खूंटी स्थित बाबा आम्रेश्वरधाम पहुंचे और विधि–विधान से बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने जगह–जगह पुलिस बल और महिला पुलिस की तैनाती की, विशेषकर रात में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष तैयारी की गई थी। एसपी मनीष टोप्पो ने बताया कि रांची समेत बिहार, बंगाल और उड़ीसा से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिनकी सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

*******************

मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में बोकारो पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार करते हुए इनसे भारी मात्रा में मादक पदार्थ, एक कार और दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। एसपी हरविंदर सिंह ने बताया कि एक अभियुक्त पर पहले से अवैध बिक्री के तीन मामले दर्ज हैं और यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है। उन्होंने कहा कि अवैध कारोबारियों के नेटवर्क को खत्म करने के लिए पुलिस सतत अभियान चला रही है।

*******************

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने इनके पास से कुल 7.750 किलोग्राम मादक पदार्थ, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन और नकद बरामद किए। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा ने बताया कि दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पहल और राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष के प्रयास से धनंजय महतो का पार्थिव शरीर हजारीबाग स्थित उनके गांव बंडखड़ी लाया गया। गौरतलब है कि वे सऊदी अरब के तबूक में लार्सन एंड टर्बो कंपनी में कार्यरत थे, और 24 मई को कार्य के दौरान हादसे में उनकी मृत्यु हुई थी। राज्य सरकार ने परिजनों को मुआवजा देने की भी घोषणा की है।

*******************

रांची में आयोजित झारखंड बंगाली संगठन की बैठक में सर्वसम्मति से राज्यसभा सांसद महुआ माजी को संगठन का मुख्य संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर महुआ माजी ने कहा कि वे झारखंड में बांग्ला भाषा और उससे जुड़े समुदाय को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व दिलाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

बैठक में सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि बांग्ला समाज को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एकजुट होने की आवश्यकता है।

*******************

रांची में विश्व हिंदू परिषद की मातृ शक्ति दुर्गा वाहिनी की प्रांतीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें महिला सशक्तिकरण और समसामयिक विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत ने कहा कि बेटियों को आत्मरक्षा और आत्मबल के लिए सक्षम बनाना संगठन का प्रमुख लक्ष्य है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई बार अपने भाषण में एफपीओ का जिक्र किया है और बताया है कि कैसे एफपीओ के जरिए किसान आर्थिक रूप से सशक्त हो सकते हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

गिरिडीह पुलिस ने आज आयोजित सम्मान समारोह में सात थाना क्षेत्रों के 600 पुलिस मित्रों को सम्मानित किया। एसपी डॉ. विमल कुमार ने बताया कि यह सम्मान उन समाज सेवियों को दिया गया है, जिन्होंने पर्व–त्योहारों के दौरान पुलिस को सहयोग प्रदान किया। एसपी ने कहा कि जल्द ही अन्य अनुमंडलों के पुलिस मित्रों को भी इसी तरह सम्मानित किया जाएगा।

*******************

**संक्षिप्त खबरें–**

- सरायकेला–खरसावां के गम्हरिया स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य महामंत्री शैलेंद्र कुमार तिवारी ने अनुबंध कर्मियों के स्थायीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, चतुर्थ वर्ग कर्मियों की प्रोन्नति और एनएचएम कर्मियों के नियमितीकरण जैसी मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की।
- जमशेदपुर में इंटरमीडिएट छात्रों ने अपनी मांगों की पूर्ति पर विजय जुलूस निकाला और राज्यपाल द्वारा जारी नोटिफिकेशन का स्वागत किया। अब छात्र उसी स्कूल से इंटर की पढ़ाई पूरी कर सकेंगे जहां वे पहले से नामांकित हैं।

***************